

# प्रतिमाओं को पहनाए स्वर्ण आभूषण, निकाली शोभायात्रा

## गणगौर महोत्सव : सुरक्षा में तैनात रहे बंदूकधारी, चंदेरी में अनूठी है परंपरा, देखने आते हैं लोग



**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** चंदेरी में तीन दिवसीय गणगौर उत्सव का विशेष महत्व है, जिसे मां जागेश्वरी मेला के साथ तीन दिवसीय गणगौर मेला के रूप में भी पहचाना जाता है, तीनों दिन गणगौर की शोभायात्रा पूरे शहर में भ्रमण कर मेला प्रांगण में पहुंचती है। इस दौरान गणगौर रूप में शिव और पार्वती का सोने के आभूषणों से सिंगार होता है, जिसके कारण उनकी सुरक्षा में बंदूकधारी पुलिस गार्ड लगे रहते हैं, इसके साथ ही हिंदू धर्म में गणगौर पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इस पर्व में मिट्टी से बने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विधि विधान से की जाती है, तथा गण का अर्थ भगवान शिव एवं गौर का अर्थ माता पार्वती से है, यह दिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है, विवाहित महिला अपने पति की लंबी आयु एवं सुखी वैवाहिक जीवन के लिए यह व्रत रखती है। बताया जाता है कि गणगौर मूल रूप से राजस्थान का त्यौहार है लेकिन चंदेरी में इसका आयोजन अनूठा है , वहीं भार्गव परिवार द्वारा बताया गया कि लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुरानी 4 गणगौर प्रतिमाओं का स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया जाता है और 100 वर्ष से हमारे परिवार द्वारा यह शोभायात्रा निकलती आ रही है, इस तरह का आयोजन आसपास के क्षेत्र में कहीं नहीं देखने को मिलता। इस आयोजन को देखने हजारों की संख्या में ग्रामीण चंदेरी पहुंचते हैं यह नगर का सबसे प्राचीन सांस्कृतिक महोत्सव है। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रहती है। नृत्यांगनाओं द्वारा बताया गया कि हम सभी पूर्व मैं गणगौर मेले पर कई सालों से चंदेरी आ रहे हैं चंदेरी का गणगौर मेला पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। वही कार्यक्रम में गणगौर का पूजन व माल्यार्पण नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ कोली, उपाध्यक्ष राजीव सिहोर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक कांत भार्गव द्वारा किया गया।

# जिले में एमपीसीए अध्यक्ष का आगमन आज

**महाआर्यमान सिंधिया के स्वागत की तैयारियों की बैठक**

**मुंगावली में अर्जुन कप टूर्नामेंट का करेंगे शुभारंभ**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सुपुत्र महाआर्यमन सिंधिया के नगर आगमन आज होगा। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ और क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि एमपीसीए अध्यक्ष श्री सिंधिया 23 मार्च को मुंगावली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने जाएंगे इस दौरान वह अशोकनगर होकर निकलेंगे जहां उनके आगमन एवं प्रस्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। शनिवार को स्थानीय सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महाआर्यमन सिंधिया के आगामी प्रवास कार्यक्रम के दौरान भव्य स्वागत की रूपरेखा तैयार की गई।

## एक नजर में





### रविंद्र पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री, विभा बनी महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवभारत अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से इस बार जिले के दो भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन में स्थान दिया गया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा रविंद्र लोधी को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसी तरह महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एड. अश्विनी परांजपे राजवाडे द्वारा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है।

### फांसी के फंदे पर झूली महिला

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम खैजरी खरगो में एक 48 वर्षीय महिला ने अपने घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्मदाह कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बबली पत्नि महेंद्र सिंह रघुवंशी ने अपने घर में लगे पंखे पर कपड़ा की रस्सी का फंदा बनाया और झूल गई। जिसे फंदे से उतारकर अस्पताल लाए, जहां पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, तो वहीं मर्गकायम कर जांच में लिया है।

# सूखी जमीन पर लाल सोना कहे जाने वाली अमेरिकन केसर की बहार

## किसान ने मेहनत से बदली खेत की तस्वीर, नीमच मंडी में गुणवत्ता के आधार पर 60 से 90 हजार प्रति क्विंटल का मिल रहा भाव



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई क्षेत्र में एक किसान ने अपनी सोच, मेहनत और तकनीकी समझ के दम पर खेती की पारंपरिक धारणाओं को बदलकर रख दिया है। जहां कभी सूखी और कम उपजाऊ मानी जाने वाली जमीन पर सामान्य फसलें भी मुश्किल से होती थीं, वहीं अब उसी जमीन पर लाल सोना कहे जाने वाली केसर की खेती लहलहा रही है। किसान चौधरी यासिर अहमद ने अमेरिकन केसर की खेती कर न केवल अपनी आय बढ़ाने का रास्ता तैयार किया है, बल्कि जिले के किसानों के सामने एक नया और लाभकारी विकल्प भी प्रस्तुत किया है।

दरअसल बदलते समय के साथ खेती में भी बदलाव आ रहा है और किसान अब पारंपरिक फसलों के बजाय ऐसी फसलों की ओर बढ़ रहे हैं, जिनमें कम लागत में अधिक मुनाफा हो सके। इसी सोच के तहत कृषक श्री ने अमेरिकन केसर की खेती का प्रयोग शुरू किया। शुरुआत में इस फसल को लेकर कई तरह की आशंकाएं थीं, क्योंकि केसर को आमतौर पर ठंडे और पहाड़ी इलाकों की फसल माना जाता है। लेकिन उन्होंने जोखिम उठाते हुए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों का सहारा लिया और अपने खेत में इस फसल को सफलतापूर्वक तैयार कर दिखाया। पिपरई जैसे क्षेत्र में जहां ठंड अपेक्षाकृत कम होती है और जल संसाधन भी सीमित हैं, वहां अमेरिकन केसर की खेती करना किसी चुनौती से कम नहीं था। इसके बावजूद किसान ने न केवल इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि उसे सफलता में भी बदल दिया।

**फसल देखने खेतो पर पहुंचे रहे किसान, पकने में लगता है पांच माह का समय :**

केसर की फसल लगभग चार महीने में फूल देने लगती है और पांच महीने में पूरी तरह तैयार हो जाती है। एक बीघा में 6 से 7 किलो तक अमेरिकन केसर हो सकती है कम जमीन में भी अच्छा उत्पादन संभव है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है। कम पानी और सीमित संसाधनों में अधिक मुनाफा देने की क्षमता के कारण अब यह खेती तेजी से चर्चा में आ रही है। पिपरई के इस सफल प्रयोग ने जिले के अन्य किसानों का ध्यान भी अपनी ओर खींचा है। कई किसान अब इस मॉडल को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं और जानकारी लेने के लिए खेत का दौरा भी कर रहे हैं। यदि आने वाले समय में इस तरह के प्रयोग और अधिक सफल होते हैं, तो जिले की पहचान सिर्फ पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह क्षेत्र उच्च मूल्य वाली फसलों के उत्पादन के लिए भी जाना जाएगा।

### प्रयोग पर किसान को भी था संदेह, उचित प्रबंधन पर लहरा रहीं फसलः

किसान चौधरी यासिर अहमद ने बताया कि शुरुआत में उन्हें भी इस बात का संदेह था कि



उनके द्वारा किया फसल का यह प्रयोग सफल होगा या नहीं, लेकिन निरंतर देखभाल, उचित सिंचाई प्रबंधन और समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन के चलते अब फसल अच्छी स्थिति में है और उत्पादन को लेकर उम्मीदें भी बेहतर हैं। केसर की खेती का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी बाजार में मिलने वाली ऊंची कीमत है। नीमच मंडी में अमेरिकन केसर के भाव गुणवत्ता के आधार पर करीब 60 हजार से 90 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच रहे हैं। ऐसे में यह फसल किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है और कम उत्पादन में भी अच्छी आमदनी का जरिया बन रही है।

# किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ गांव-गांव में जागरुकता अभियान

## ऑल इंडिया खेत मजदूर संगठन नई कृषि नीति और लैंड पुलिंग बिल का कर रहे विरोध




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा 17 से 24 मार्च तक जिले में गांव-गांव पहुंचकर किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सिकंदरा, पलकटोरी और बेरखेड़ी में बैठकों और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों में किसानों और खेत मजदूरों ने भाग लिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई।

संगठन के जिला सचिव कृष्णा बैरागी ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाए जा रहे नए कृषि कानून किसानों के हित में नहीं हैं, बल्कि बड़े कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित बीज बिल-2025 बेहद खतरनाक है, जिससे पहले ही 84 प्रतिशत बीज बाजार पर काबिज कुछ निजी कंपनियों का एकाधिकार और मजबूत हो जाएगा। इस कानून के लागू होने पर बीज से लेकर पूरी खेती व्यवस्था पर बड़ी कंपनियों का नियंत्रण स्थापित हो सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नवंबर 2024 में घोषित कृषि मार्केटिंग की राष्ट्रीय नीति को व्यापक विरोध के बावजूद अब तक वापस नहीं लिया गया है। यदि इसे लागू किया गया तो यह पहले के तीन कृषि कानूनों से भी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकती है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को कॉर्पोरेट स्वरूप देकर निजी कंपनियों की कृषि क्षेत्र में घुसपैठ को आसान बनाया जा रहा है। नई राष्ट्रीय सहकारी नीति के जरिए राज्यों के अधिकारों में कटौती का भी प्रयास किया जा रहा है। श्री बैरागी ने कहा कि लैंड पूलिंग जैसी नीतियां उपजाऊ कृषि भूमि को बड़े पूंजीपतियों के हाथों सौंपने की दिशा में कदम हैं, जिससे किसानों का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। वहीं अरावली पर्वतमाला जैसे प्राकृतिक संसाधनों को भी निजी हितों के लिए सौंपने की साजिशें चल रही हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई और कहा कि भूमिहीन खेत मजदूरों और गरीबों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल पा रहा है। मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर कर नए कानून विबीग्रामजी् के नाम पर लागू किए जा रहे हैं, जिनमें न तो पर्याप्त काम की गारंटी है और न ही पहले जैसी वित्तीय व्यवस्था। केंद्र सरकार द्वारा फंड में कटौती कर दी गई है और उसका बड़ा हिस्सा प्रचार-प्रसार में खर्च किया जा रहा है। संगठन ने स्पष्ट किया कि इन सभी मुद्दों को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है और आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिससे लोग जागरूक हो।

# श्रीकृष्ण संस्थान के अध्यक्ष बने राव रंजीत यादव

**पूर्व विधायक राव राजकुमार को दी श्रद्धांजलि**

**सभा में समाज ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** वायपास रोड़ स्थित श्रीकृष्ण संस्थान में रविवार को चंदेरी के पूर्व विधायक स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अत्यंत भावुक वातावरण में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। वहीं जिले भर से आए समाज बंधुओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने एकत्रित होकर स्वर्गीय राव साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनसेवा के कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें जननायक बताया। उन्होंने कहा कि राव साहब ने हमेशा समाज के हित में कार्य किया और अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उनके निधन से समाज एवं क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

**समाज ने सर्वसम्मति से दी विधायक पुत्र को कमान :**

इसी अवसर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। जिले के ऐतिहासिक युगल सरकार मंदिर (श्रीकृष्ण संस्थान अशोकनगर) के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से राव रंजीत सिंह यादव महुअन का नाम प्रस्तावित किया गया। यह प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव द्वारा रखा गया, जिसका समर्थन पूर्व मंत्री एवं विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव ने किया। उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष पद के लिए स्वीकार किया। सभा में यह भावना भी व्यक्त की गई कि राव रंजीत सिंह यादव के नेतृत्व में संस्थान नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अंत में सभी ने कहा कि यह निर्णय स्वर्गीय राव साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं राव रंजीत सिंह यादव को अध्यक्ष बनने पर सभी ने शुभकामनाएं दी गई।

## धर्म-कर्म

# पुजारी श्री मिश्र ने किया मां की महिमा का वर्णन

## नवरात्र के चौथे दिन की कन्या पूजन, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ-साथ वशतिक नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में चतुर्थ दिवस के अवसर पर देवी स्वरूप कन्याओं की पूजन की गई, तो वहीं उन्हें उपहार आदि दिए गए। इस दौरान की गई कन्या पूजन का सौभाग्य सुरेंद्र यादव को प्राप्त हुआ।

पुजारी किशनलाल मिश्र ने बताया कि मां की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कुष्मांडा है जिनके थोड़े से मुस्काने से पूरा ब्रह्मांड उत्पन्न हो जाता है, वे देवी कुष्मांडा कहलाती हैं। नवरात्र पूजन के चौथे दिन कूष्मांडा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है इस दिन साधक का मन आनाहत चक्र में अवस्थित होता है, अत: पवित्र मन से पूजा उपासना के कार्य में मन लगाना चाहिए। इन मां की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतरने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेष्ठ मार्ग है, मां कुष्मांडा की उपासना आधि व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है अत: अपनी लोकि परलोकि की उन्नती चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिए। वहीं श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चार कन्याओं का एवं माता कुष्मांडा का सोडसो उपचार से पूजन किया गया। साथ ही मां को हलवा पुरी का भोग लगाया गया एवं चार कन्याओं का फल भोग मिठाई आदि देकर उनको चुनरिया भेंट की गई तथा साथ में अन्य कन्याओं का भी सम्मान किया गया। मंदिर पर मध्यम चरित्र के पाठ के साथ-साथ कवच अर्गला कीलक स्तोत्र का पाठ एवं रात्रि सूक्त श्री सूक्त वगैरा का पाठ प्रतिदिन सिद्ध कुंजिका स्तोत्र द्वारा किया जा रहा है।

### झिरिया सरकार मंदिर पर 25 से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**नईसराय।** कस्बे की आस्था का केंद्र झिरिया सरकार हनुमान मंदिर पुराना पचबावड़ी रोड नईसराय पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 26 मार्च से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । जिसका शुभारंभ 25 मार्च की सुबह 8 बजे कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। हाट बाजार स्थित अस्तल दरवार से शुरू होने वाली कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए झिरिया सरकार दरवार पहुंचेगी। जहां संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं समापन 2 अप्रैल को प्रसादी वितरण और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# कन्याओं की पूजा प्रतिदिन होना चाहिए : विवेक

**माता मंदिर में 1101 कन्याओं की हुई पूजा**

**सेवा भारती समिति ने किया आयोजन**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर । नवराति के पावन पर्व पर सेवा भारती समति द्वारा कबीरा रोड स्थित अष्टभुजी माता मंदिर पर कन्या पूजन का आयोजन किया गया।** जिसमें सैंकड़ो की संख्या में कन्याओं ने भाग लेकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी विवेक शर्मा, मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह सोलंकी , विशिष्ट अतिथियों में पण्डित कैलाशपति नायक, डॉ. अनुराधा यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, समिति अध्यक्ष संजय रघुवंशी उपस्थित रहे।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम जज्जी में सेवा भारती के कन्या पूजन कार्यक्रम में सम्मलित होकर अपने आप को धन्य समझता हूं मुझे ये अवसर प्राप्त हुआ है। वहीं प्रान्त संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा बेटी लक्ष्मी होती है, उन्हें सम्मान दे एक दिन विशेष न होकर घर-घर मे नारी की पूजा होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बृज किशोर शर्मा ने किया और अंत मे सभी माताओ बहनों ने कन्याओ के साथ भोजन भी किया। साथ ही सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे समाज सेवियों का सम्मान भी किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजन अर्चन के बाद शुरू हुआ। 1101 कन्याओ का सभी अतिथियों द्वारा पैर धोकर पूजन और भोजन कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने कि कन्याओ का पूजन प्रतिदिन होना चाहिए, सेवा भारती के प्रकल्प चलना चाहिए। वहीं डॉ. अनुराधा ने नारी में आदि शक्ति, आदि शक्ति है बेटी और बेटे में फर्क न करे बेटियों का सम्मान करें। इसके अलावा जजपाल सिंह